DAV NANDRAJ PUBLIC SCHOOL

BARIATU, RANCHI

FREQUENTLY ASK QUESTIONS IN BOARD EXAMINATION (X)

SUBJECT: HINDI

पाठ – संस्कृति

1.'संस्कृति'पाठ से हमें क्या प्रेरणा मिलती है? लेखक ने आग और सुई-धागे के आविष्कारों से क्या स्पष्ट किया है?
2.'संस्कृति' पाठ में आए त्याग के प्रतीक महामानवों का विस्तार से उल्लेख कीजिए |
3.संस्कृति सभ्यता को किस प्रकार प्रभावित करती है? संस्कृति की विशेषताएँ पाठ के आधार पर लिखिए |
4.संस्कृत व्यक्ति किसे कहा गया है? संस्कृत और सभ्य व्यक्ति में क्या अंतर है?
5.मनुष्य की संस्कृति की जननी किसे कहा जा सकता है? लेखक संस्कृत व्यक्ति की संतान को संस्कृत व्यक्ति क्यों नहीं मानता है?

पाठ- संगतकार

1.मुख्य गायक और संगतकार के मध्य में एक 'अपनत्व'की कड़ी दोनों को जोड़े रहती है उसके टूटने के क्या परिणाम हो सकते है?
2.मुख्य गायक और संगतकार की परंपरा के औचित्य पर विचार प्रकट कीजिए |
3.संगतकार की समाज में क्या भूमिका होती है?'संगतकार'कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि संगतकार जैसे व्यक्ति सर्वगुण संपन्न होकर भी समाज में आगे न आकर प्राय: पीछे ही क्यों रहते हैं?
4.संगतकार में त्याग की भावना रहती है -स्पष्ट कीजिए | यदि आप प्रतिभावान हैं तो मुख्य गायक और संगतकार में से कौन-सी भूमिका प्रस्तुत करना चाहेंगे?
5.'संगतकार'कविता से कवि क्या संदेश देना चाहता है? कविता में कवि ने संगतकार के जिस आदर्श को प्रकट किया है उस पर प्रकाश डालिए

पाठ-माता का अंचल

1.'माता का अंचल'पाठ में बच्चों की जो दुनिया रची गई है वह आपके बचपन की दुनिया से किस तरह अलग है?
2.'माता का अंचल'पाठ में संस्कारों का वर्णन किया गया है| क्या आज भी संस्कारों की आवश्यकता है?अपने विचार प्रस्तुत कीजिए
3.'माता का अंचल'पाठ में लेखक ने तत्कालीन समाज के पारिवारिक परिवेश का जो चित्रण किया है उसे अपने शब्दों में लिखिए
4.माँ के प्रति अधिक लगाव न होते हुए भी विपत्ति के समय भोलानाथ माँ के आँचल में ही प्रेम और शांति पाता है इसका आप क्या कारण मानते हैं?
5.भोलानाथ के पिता उसे लेकर गंगातट जाते और मछलियों को आँटे की गोलियां खिलाते ,उनके इस कार्य से भोलानाथ में किन-किन गुणों का विकास होता होगा ?

वाक्य

निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए
1.गली में शोर सुनकर लोग बाहर आ गए | (मिश्र वाक्य में बदलिए)
2.बीमार होने के कारण मजदूर काम पर नहीं आया | (संयुक्त वाक्य में बदलिए)
3.उसने मेहनत की,वह सफल न हो सका (सरल वाक्य में बदलिए)
4.अनुज ने देखा कि मोर नाच रहा है| (रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए)
5.गौण (आश्रित)उपवाक्य के कितने भेद होते हैं?नाम लिखिए |

ई-मेल लेखन

1.आपके शहर में सभी प्रकार के खाद्य पदार्थों में मिलावट का धंधा लगातार बढ़ता ही जा रहा है |अपने राज्य के खाद्य-मंत्री को ई-मेल लिखकर इस समस्या के प्रति उनका ध्यान आकृष्ट कीजिए |

2.छात्रों के लिए अधिक खेल-सामग्री उपलब्ध कराने का अनुरोध करते हुए अपने प्रधानाचार्य को ई-मेल लिखिए |

3.आपको चरित्र प्रमाण पत्र की आवश्यकता है चरित्र प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को ई-मेल लिखिए |

D.A.V. NANDRAJ PUBLIC SCHOOL
EXCELLENCE IN EDUCATION
ओ३म्
ARYA GYAN PRACHAR SAMITI